**दिनांक 18.07.2024 को उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) के न्यास परिषद की बैठक की कार्यवाही :–**

*उपस्थिति– पंजी के अनुसार।*

सर्वप्रथम उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के द्वारा सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

1. उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों को दिनांक 05.07.2024 को प्रबंधकीय समिति से अनुमोदित प्रस्तावों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। तदुपरान्त प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 में संचालित किये जाने वाले विभिन्न योजनाओं को संक्षिप्त रूप से अवगत कराया गया।

2. प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के द्वारा बताया गया कि जिले में वित्तीय वर्ष 2016–2017 से 2024–2025 तक विभिन्न प्रक्षेत्र के कुल 1027 योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया गया है जिनमे से विभिन्न एजेंसिओ के द्वारा 787 योजनाओं को पूर्ण करा लिया गया है शेष योजनाओं का कार्य प्रगति पर हैं।

   सदन द्वारा सर्वसम्मति से लंबित योजनाओं का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का निर्णय लिया गया।

   **(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

3. बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा समीक्षोपरान्त वैसे जनोपयोगी एवं महत्वपूर्ण योजनाएं जिनका प्रस्ताव एक से अधिक प्रखण्डों के पंचायतों से प्राप्त हुआ है, वैसी योजनाओं को विस्तारित करते हुए आवश्यकता अनुसार अन्य प्रखण्डों में भी क्रियान्वित कराने पर सदन द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।

   **(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

4. "जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट" (DMFT) की न्यास परिषद की बैठक में प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्रों में PMKKKY के दिशा–निर्देशों के अनुरूप DMFT लातेहार अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए लातेहार की प्रबंधकीय समिति द्वारा प्रस्तावित **(अनुलग्नक 'क')** एवं अनुमोदित विभिन्न प्रक्षेत्र के सभी 1279 प्रस्तावों को न्यास परिषद के सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान किया गया। जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

| Sector | Category as per PMKKKY | No. of Proposals |
|---|---|---|
| High Priority | Agriculture | 7 |
| | Animal Husbandry | 1 |
| | Drinking water Supply | 142 |
| | Education | 341 |
| | Environment Preservation & Pollution Control measures | 29 |
| | Sanitation | 13 |
| | Skill devepoment and livelihood generation | 5 |
| | Welfare of aged & differently abled | 2 |
| | Welfare of Women and Children | 439 |
| **High Priority Total** | | **986** |
| Other Priority | Energy and watershed Development | 5 |
| | Physical infrastructure | 288 |
| **Other Priority Total** | | **293** |
| **Grand Total** | | **1279** |

(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)

5. माननीय विधायक, लातेहार के द्वारा दिनांक 04.03.2024 को सम्पन्न न्यास परिषद् की बैठक में तालाब जीर्णोद्धार का लम्बित भुगतान हेतु आवश्यक कार्रवाई हेतु सदन द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया था। माननीय विधायक प्रतिनिधि, लातेहार एवं मनिका के द्वारा तालाब जीर्णोद्धार में किये गये कार्यो की जांच हेतु जांच समिति का गठन करने हेतु अनुरोध किया गया।

सदन द्वारा सर्वसम्मति से जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार, प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार एवं तकनीकी पदाधिकारियों की टीम को सम्मिलित करते हुए तालाब जीर्णोद्धार की कुल 53 योजनाओं की जांच प्रतिवदेन उपलब्ध कराने के उपरांत नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार/जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार)**

6. माननीय विधायक प्रतिनिधियों एवं अन्य माननीय सदस्यों द्वारा सभी ग्राम पंचायतों को मुख्यालय से जोड़ने वाले पहुँच पथ, पुल–पुलिया, कालीकरण आदि का क्रियान्वयन करने हेतु अनुरोध किया गया।

सदन द्वारा सर्वसम्मति से उक्त के संदर्भ में नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

7. माननीय सदस्य ग्राम पंचायत सांसग के मुखिया के द्वारा स्वास्थ्य उपकेन्द्र, सांसग में ANM की आवश्यकता के संदर्भ में सदन का ध्यान आकृष्ट कराया गया।

सदन द्वारा सर्वसम्मति से उक्त के संदर्भ में नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

*सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।*

| | | |
|---|---|---|
| 20/07/2024<br>प्रभारी पदाधिकारी,<br>डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।<br>20/07/2024 | 20/7/24<br>उप विकास आयुक्त–सह–सदस्य सचिव,<br>डी0एम0एफ0टी0, लातेहार। | उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,<br>डी0एम0एफ0टी0, लातेहार। |

ज्ञापांक 622/डी0एम0एफ0टी0 दिनांक 20/07/2024

**प्रतिलिपि :–** डी0एम0एफ0टी0 न्यास परिषद के सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि :–** सभी कार्यकारी एजेंसी, लातेहार जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

| | | |
|---|---|---|
| 20/07/2024<br>प्रभारी पदाधिकारी,<br>डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।<br>20/07/2024 | 20/7/24<br>उप विकास आयुक्त–सह–सदस्य सचिव,<br>डी0एम0एफ0टी0, लातेहार। | उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,<br>डी0एम0एफ0टी0, लातेहार। |